# पाठ–6
# सर्वनाम

**उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

1. सुनने वाला पुरुष होता है–

   (i) अन्य पुरुष (ii) मध्यम पुरुष (iii) उत्तम पुरुष

2. संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होता है–

   (i) संज्ञा (ii) विशेषण (iii) सर्वनाम

3. 'कौन' का कर्म कारक एकवचन रूप होगा–

   (i) किसको (ii) किसने (iii) किससे

**रिक्त स्थान भरिए–**

1. तुम्हें यहाँ ________ लेकर आया?
2. यह गमला ________ तोड़ा है?
3. तुमने कल ________ पिक्चर देखी?
4. ये किताबें ________ हैं।

**दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. सर्वनाम 'वह' का बहुवचन 'वे' है।
2. 'कौन' पुरुषवाचक सर्वनाम है।
3. संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

**निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनामों को रेखांकित करें तथा उनके भेद लिखिए–**

| वाक्य | भेद |
|---|---|
| 1. तुम रो क्यों रहे हो? | ________ |
| 2. कल तक आपका काम पूरा हो जाएगा। | ________ |
| 3. यह खाना मैंने स्वयं ही बनाया है। | ________ |
| 4. जैसी करनी वैसी भरनी। | ________ |
| 5. माता जी बाज़ार से कुछ लाई हैं। | ________ |

**निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनामों का सही रूप प्रयुक्त करके पुनः लिखिए–**

1. मैंने वहाँ गया था। ________
2. मुझे कुछ बाहर बुला रहा है। ________
3. वह ने यह कार्य किया। ________
4. आप तुम्हारे घर गए थे। ________
5. इसका नाम मेरे को मालूम नहीं। ________

LIVEWORKSHEETS